# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

नेशनल हाइवे न. 15, जैसलमेर रोड़, बीकानेर
0151–2212041, 2212042 (फैक्स) 2212044

क्रमांक प.07(334-VI )मगंसिविबी / शैक्ष. / बोम–विशेष / 2012 / 3176-92 दिनांक 30.4.12

समस्त सदस्य
प्रबन्ध मण्डल,
महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,
बीकानेर (राज.)

विषय :– प्रबन्ध मण्डल की विशेष बैठक का कार्यवाही विवरण भिजवाने बाबत।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि दिनांक 27–04–2012 को आयोजित प्रबन्ध मण्डल की विशेष बैठक का कार्यवाही विवरण इस पत्र के साथ संलग्न कर भिजवाया जा रहा है।

संलग्न – उपरोक्तानुसार

भवदीय,

कुलसचिव

क्रमांक प.07(334-VI )मगंसिविबी / शैक्ष. / बोम– विशेष / 2012 / 3193-207 दिनांक 30.4.12

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही बाबत –

1. वित्त नियंत्रक, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
2. परीक्षा नियंत्रक, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
3. समस्त विभागाध्यक्ष, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
4. सहायक कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय / शैक्षणिक), महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
5. समस्त अनुभाग अधिकारी, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
6. रक्षित पत्रावली।

उप कुलसचिव

# प्रबन्ध मण्डल की विशेष बैठक दिनांक 27–04–2012 का कार्यवाही विवरण

विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की विशेष बैठक दिनांक 27–04–2012 को प्रातः 11:00 बजे कुलपति सचिवालय में माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. गंगा राम जाखड़ | – | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. एल. एन. गुप्ता<br>(कुलाधिपति द्वारा नामनिर्देशित शिक्षाविद्) | – | सदस्य |
| 3. | प्रो. आर. एन. शर्मा<br>(राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशित शिक्षाविद्) | – | सदस्य |
| 4. | डॉ. विमलेन्दु तायल<br>(राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशित प्राचार्य, निजी महाविद्यालय) | – | सदस्य |
| 5. | श्री मनीराम<br>(कुलपति द्वारा नामनिर्देशित संकायाध्यक्ष) | – | सदस्य |
| 6. | श्री एच.आर. इसरान<br>(कुलपति द्वारा नामनिर्देशित संकायाध्यक्ष) | – | सदस्य |
| 7. | प्रो. एम.एम. सक्सेना<br>(कुलपति द्वारा नामनिर्देशित विश्वविद्यालय आचार्य) | – | सदस्य |
| 8. | प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल<br>(कुलपति द्वारा नामनिर्देशित विश्वविद्यालय आचार्य) | – | सदस्य |
| 09. | श्री अरविन्द सिंह शेखावत | – | सदस्य सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में उपस्थित सभी सदस्यों, विशेषकर प्रबन्ध मण्डल में नव–मनोनीत सदस्य प्रो. आर.एन. शर्मा का अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वागत किया गया। माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की बिन्दुवार कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बैठक में प्रस्तुत बिन्दुओं पर विचार–विमर्श उपरान्त लिये गए निर्णयों का विवरण निम्नानुसार है :–

एजेण्डा आईटम सं. : मगंसिविबी/ बोम–विशेष/2012/208

**पुस्तकालाध्यक्ष के एक पद पर नियुक्ति हेतु चयन समिति द्वारा प्रस्तुत अनुशंसा के सम्बन्ध में प्रस्ताव –**

राज्य सरकार के पत्र क्रमांक **F.20(2)Edu.-4/2007 dated 08-12-2010** के द्वारा पुस्तकालयाध्यक्ष के एक पद को नियमित चयन प्रक्रिया के द्वारा सीधी भर्ती से नियमानुसार भरने की स्वीकृति की अनुपालना में समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी किए जाकर आवेदन पत्र मांगे गए। पुस्तकालयाध्यक्ष पद के लिए योग्य 07 अभ्यर्थियों को दिनांक 16–04–2012 को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया गया। उक्त पद के लिए संबंधित चयन समिति द्वारा उपस्थित 06 अभ्यर्थियों का दिनांक 16–04–2012 को साक्षात्कार लिया जाकर सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत अनुशंसा प्रबन्ध मण्डल के समक्ष अवलोकनार्थ एवं निर्णयार्थ बैठक में प्रस्तुत की जाएगी।

निर्णय :– पुस्तकालयाध्यक्ष के एक पद पर नियुक्ति हेतु गठित चयन समिति द्वारा प्रस्तुत अनुशंसा (छायाप्रति संलग्न) माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रबन्ध मण्डल के समक्ष रखी गई। चयन समिति द्वारा पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर श्री अवधेश कुमार पारीक के चयन सम्बंधी प्रस्तुत अनुशंसा का प्रबन्ध मण्डल द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन करते हुए तद्नुसार उक्त पद पर चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

एजेण्डा आईटम सं. : मगंसिविबी / बोम–विशेष / 2012 / 209

**प्रयोगशाला सहायक, तकनीकी सहायक, प्रयोगशाला प्रेष्य के पदों पर की गई नियुक्तियों के सम्बन्ध में सूचना :–**

(i) प्रयोगशाला सहायक :– विश्वविद्यालय सेवा नियम 30(2) परिशिष्ट IV के अन्तर्गत गठित समिति की अनुशंसा तथा माननीय कुलपति महोदय की स्वीकृति दिनांक 07–04–2012 की पालना में विश्वविद्यालय के आदेश क्रमांक प.03(01)मगंसिविबी / संस्था / 2012 / 397–407 दिनांक 07–04–2012 के द्वारा निम्नलिखित अभ्यर्थियों को प्रयोगशाला सहायक के चार रिक्त पदों पर दो वर्ष के परिवीक्षा काल पर रूपये 7900 / – प्रति माह स्थिर वेंतन पर (वेतन श्रृंखला 5200+20200 ग्रेड पे 2400 / –) नियुक्ति प्रदान की गई :–

| क्र. स. | अभ्यथी का नाम | पता | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री मोहित कुमान मान पुत्र श्री जीवराज मान | द्वारा पवन क्लॉथ स्टोर बस स्टैण्ड के पास, नई मण्डी, घडसाना जिला श्रीगंगानगर | अनारक्षित |
| 2 | श्री संजीव चौधरी पुत्र श्री सुलताना राम | 691, विद्युत नगर–ए, अजमेर रोड़, जयपुर | अनारक्षित |
| 3 | श्री अजय भाम्भू पुत्र श्री हरफूल सिंह | डी–217, **Ist Extension,** कमला नेहरू नगर, चौपासनी रोड़, जोधपुर | अनारक्षित |
| 4 | श्रीमती मंजू प्रजापत पुत्री श्री सत्य कुमार प्रजापत | द्वारा शिव कुमार टाक सुख निवास स्ट्रीट, चौखूंटी गजनेर रोड़, बीकानेर | अनारक्षित (महिला) |

उपरोक्त अभ्यर्थियों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। नियुक्तियां प्रबन्ध मण्डल के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत है। नियुक्ति आदेश दिनांक 07–04–2012 की छाया प्रति संलग्न है।

(ii) तकनीकी सहायक :– विश्वविद्यालय सेवा नियम 30(2) परिशिष्ट IV के अन्तर्गत गठित समिति की अनुशंसा तथा माननीय कुलपति महोदय की स्वीकृति दिनांक 07–04–2012 की पालना में विश्वविद्यालय के आदेश क्रमांक प.03(01)मगंसिविबी / संस्था / 2012 / 419–431 दिनांक 07–04–2012 के द्वारा निम्नलिखित अभ्यर्थियों को तकनीकी सहायक के छः रिक्त पदों पर दो वर्ष के परिवीक्षा काल पर रूपये 6750 / – प्रति माह स्थिर वेंतन पर (वेतन श्रृंखला 5200+20200 ग्रेड पे 2100 / –) नियुक्ति प्रदान की गई :–

| क्र. स. | अभ्यथी का नाम | पता | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती दीपा राव पुत्री श्री सुलतान सिंह | 692, विद्युत नगर–ए, अजमेर रोड़, जयपुर | अनारक्षित |
| 2 | श्री दामोदर कुमार जोइंया पुत्र श्री मोहन लाल जोइंया | वार्ड. न. 47, फतीपुरा भुट्टों का बास, बीकानेर | अनारक्षित |
| 3 | श्री हमीर सिंह भाटी पुत्र श्री शिवदान सिंह भाटी | बी–3–77, सुदर्शना नगर, बीकानेर | अनारक्षित |
| 4 | श्री अशरफ अली पुत्र श्री मौहम्मद अली | अमीरदीन होटल वाला, कसाईयों की बारी, मोहल्ला व्यापारियान, बीकानेर | अनारक्षित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | श्री संतोष कुमार चारण पुत्र श्री गोविन्द सिंह चारण | डी–30, कीर्ति नगर, राम सागर, K.U.M.M,. जोधपुर | अ.पि. वर्ग |
| 6 | श्रीमती रेखा व्यास पुत्री श्री महेश व्यास | द्वारा श्री नाथ पुरोहित, नत्थूसर गेट के बाहर, पानी की टंकी के पास, बीकानेर | अनारक्षित (महिला) |

उपरोक्त अभ्यर्थियो में से पांच अभ्यर्थियों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। श्री सतोष कुमार चारण ने आज दिनांक तक कार्यभार ग्रहण नही किया है। नियुक्तियां प्रबन्ध मण्डल के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत है। नियुक्ति आदेश दिनांक 07–04–2012 की छाया प्रति संलग्न है।

(ii) प्रयोगशाला प्रेष्य :– विश्वविद्यालय सेवा नियम 30(2) परिशिष्ट IV के अन्तर्गत गठित समिति की अनुशंसा तथा माननीय कुलपति महोदय की स्वीकृति दिनांक 07–04–2012 की पालना में विश्वविद्यालय के आदेश क्रमांक प.03(01)मगंसिविबी/संस्था/2012/408–418 दिनांक 07–04–2012 के द्वारा निम्नलिखित अभ्यर्थियों को प्रयोगशाला प्रेष्य के चार रिक्त पदों पर दो वर्ष के परिवीक्षा काल पर रूपये 5050/– प्रति माह स्थिर वेंतन पर (वेतन श्रृंखला 4750–7440 ग्रेड पे 1400/–) नियुक्ति प्रदान की गई :–

| क्र. स. | अभ्यथी का नाम | पता | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री रामनिवास पुत्र श्री गोदाराम | गांव खारचिया, वाया ए.पी. कालू, तह. जैतारण जिला–पाली | अनारक्षित |
| 2 | श्री दलीप चन्द वर्मा पुत्र श्री धर्मपाल | गांव पोस्ट खाट सजवार तह. सादुलशहर जिला–श्रीगंगानगर | अनारक्षित |
| 3 | श्री पदम सिंह पुत्र श्री किशन सिंह चौहान | हरिहर निवास, रेल्वे स्टेशन के सामने, पीपाड रोड़, जोधपुर | अनारक्षित |
| 4 | श्रीमती गायत्री शर्मा पत्नी श्री अजीत कुमार शर्मा | 330, कैलाशपुरी, बीकानेर | अनारक्षित (महिला) |

उपरोक्त अभ्यर्थियों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। नियुक्तियां प्रबन्ध मण्डल के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत है। नियुक्ति आदेश दिनांक 07–04–2012 की छाया प्रति संलग्न है।

निर्णय :– उक्त नियुक्तियों की जानकारी प्रबन्ध मण्डल द्वारा Noted की गई।

एजेण्डा आईटम सं. : मगंसिविबी/बोम–विशेष/2012/210

परीक्षको द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं की जाँच हेतु पारिश्रमिक की अधिकतम सीमा राशि रू. 25,000/– से अधिक उत्तरपुस्तिकाओं का जांच कार्य सम्पादित करने पर निर्धारित सीमा में विशेष छूट प्रदान करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव :–

मुख्य परीक्षा एवं पुनर्मूल्याकंन की उत्तरपुस्तिकाओं की मूल्याकंन कार्यो को समय पर पूरा कर परीक्षा परिणाम निर्धारित समय पर घोषित किया जाना आवश्यक होता है। कुछ विषय विशेष के शिक्षकों द्वारा पारिश्रमिक की निर्धारित सीमा कम होने के कारण शिक्षकों द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्याकंन कार्य में रूचि नही ली जा रही है। जिसके कारण परीक्षा परिणाम समय पर घोषित

करने में कठिनाई होती है। अतः समय पर उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्याकंन कार्य पूर्ण करने हेतु समन्वयकों द्वारा वर्ष 2010 एवं 2011 में कुछ विषय विशेष के परीक्षकों से निर्धारित सीमा से अधिक मूल्याकंन का कार्य करवाया गया है, जिनका भुगतान समन्वयको द्वारा कर दिया गया है। ऐसे प्रकरणों में अधिक भुगतान की गई राशि लगभग रू. 54,000/– है। अतः इनके समायोजन हेतु पारिश्रमिक की अधिकतम सीमा राशि रू. 25,000/– में विशेष छूट प्रदान किये जाने का प्रस्ताव प्रबन्ध मण्डल के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय :– विचार विमर्श उपरांत प्रबन्ध मण्डल द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विगत वर्षो परीक्षा 2008, 2010 एवं 2011 में विश्वविद्यालय द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं के परीक्षण कार्य हेतु नियुक्त समन्वयकों के द्वारा परीक्षको को उत्तरपुस्तिकाओं की जांच के पारिश्रमिक की अधिकतम सीमा राशि से 10 प्रतिशत अधिक किये गये भुगतान को समायोजित किया जावे। परीक्षकों को अधिकतम सीमा से 10 % से भी अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली संबंधित समन्वयक से किये जाने का निर्णय लिया गया।

एजेण्डा आईटम सं. : मगंसिविबी/बोम–विशेष/2012/211

कम्प्यूटर ऑपरेटर पद पर चयनित अभ्यर्थी श्री राजेश आसोपा द्वारा निर्धारित तिथि तक कार्यभार ग्रहण नहीं करने के कारण प्रतीक्षा सूची में चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति प्रदान करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव :–

कम्प्यूटर ऑपरेटर पद पर चयन हेतु गठित समिति की अनुशंसा एवं माननीय कुलपति महोदय की स्वीकृति दिनांक 25–01–2012 की पालना में आदेश क्रमांक 40502–10 दिनांक 28–01–2012 के द्वारा श्री राजेश आसोपा पुत्र श्री रामदेव आसोपा एवं श्री भुवन पालीवाल पुत्र श्री भवानीशंकर पालीवाल को कम्प्यूटर ऑपरेटर के नवसृजित पदों पर दो वर्ष के परिवीक्षा काल पर रूपये 10,000/– प्रतिमाह स्थिर वेतन पर (वेतन श्रृंखला 9300–34800 ग्रेड पे 3200/–) नियुक्ति प्रदान की गई। श्री भुवन पालीवाल ने दिनांक 01–02–2012 को पूर्वान्ह में कार्यग्रहण कर लिया है। श्री राजेश आसोपा द्वारा निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है।

अतः कम्प्यूटर ऑपरेटर पद हेतु गठित चयन समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतीक्षा सूची से चयनित अभ्यर्थी को श्री राजेश कुमार सहारण पुत्र श्री जयलाल सहारण को विश्वविद्यालय आदेश क्रमांक प. 03(01)मगंसिविबी/संस्था/2012/1121–28 दिनांक 26–04–2012 के द्वारा दो वर्ष के परिवीक्षा काल पर रूपये 10,000/– प्रतिमाह स्थिर वेतन पर (वेतन श्रृंखला 9300–34800 ग्रेड पे 3200/–) पर कम्प्यूटर ऑपरेटर पद पर नियुक्ति प्रदान कर दी गई है। श्री राजेश कुमार सहारण की कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर की गई नियुक्ति प्रबन्ध मण्डल के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय :– उक्त नियुक्तियों की जानकारी प्रबन्ध मण्डल द्वारा Noted की गई।

अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

कुलसचिव